1100 केव्ही के झुके विद्युत खंभों से हादसे का अंदेशा

इंडस्ट्रियल फीडर लाइन के लिए है सप्लाई

माल बाबा मंदिर के नजदीक झुका हुआ खंभा

सूरतलाई के नजदीक लाइन से झुके हुए विद्युत खंभे

नवभारत बेलखाडू (जबलपुर)। जबलपुर-कटंगी मार्ग मालाबाबा मंदिर के पास नेशनल हाईवे किनारे लगा 1100 केवी का औद्योगिक फीडर का विशाल विद्युत पोल पिछले कुछ दिनों से लगातार झुका हुआ है, जिससे क्षेत्र में गंभीर हादसे का खतरा मंडरा रहा है। पोल के झुकने के बाद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है।

हजारों वाहनों का रोजाना आवागमन, खतरा हर पल बढ़ रहा

प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर-कटंगी नेशनल हाईवे से रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन, यात्री बसें, ट्रक और दोपहिया वाहन गुजरते हैं। हाईवे पर लगातार तेज रफ्तार आवागमन के बीच तीस से चालीस डिग्री झुका हुआ विद्युत पोल किसी भी समय बड़ा हादसा कर सकता है। यदि यह विशाल पोल सड़क की ओर गिरता है तो जनहानि और बड़े पैमाने पर बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका है।

विद्युत विभाग की अनदेखी पर उठ रहे सवाल

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मामला कई बार विद्युत विभाग के संज्ञान में लाया गया, लेकिन विभाग समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा हो। क्षेत्र के निवासी बताते हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि तुरंत सुधार कार्य किया जाए । क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि 1100 केवी लाइन के इस झुके हुए पोल की तत्काल मरम्मत या बदलने का कार्य शुरू किया जाए, हाईवे किनारे सभी विद्युत संरचनाओं की स्थिति की जांच की जाए,और दुर्घटना रोकने के लिए मौके पर अस्थाई सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए।

प्रशासनिक सक्रियता आवश्यक

स्थानीय का कहना है कि इस स्तर की हाई वोल्टेज लाइन का पोल यदि और झुकता है, तो आसपास के लोगों, वाहनों तथा बिजली आपूर्ति नेटवर्क के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। इसलिए विभाग को तत्काल टीम भेजकर निरीक्षण और सुधार कार्य शुरू करना चाहिए।

मंदिर के नजदीक से सूरतलाई के बीच झुके खंभे- बेलखाडू से सूरतलाई के बीच के विद्युत पोल धीरे धीरे करके सड़क की ओर झुकाव लेकर अकल्पनीय घटना की संभावना के लिए इंगित कर रहे हैं। इनके साथ ही वृक्षों की डाली भी बढ़कर विद्युत तारों से टकरा रही है। जब तब विद्युत मंडल इन झाड़ियां की कटाई अभियान चलाता है,बीच में ध्यान नहीं देने से बढ़ जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि झुके हुए खभों को सीधे कर स्टे केबल से सपोर्ट दिया जाए तो झुकाव की संभावना कम हो जाएगी। ग्रामीणों ने विद्युत मंडल से अभिलंब डाली की छटाई करने और खभों को सीधा करने की मांग की है।

चलती ट्रेन में छूटा सामान, सुरक्षित बरामद

जबलपुर। जबलपुर रेल मंडल ने एक बार फिर अपनी त्वरित कार्रवाई और यात्री-सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शनिवार 22 नवंबर को ट्रेन संख्या 22181 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस के कोच स-1 में यात्री रविकांत का सामान अपरिहार्य कारणों से उनके ट्रेन में न चढ़ पाने के कारण जबलपुर स्टेशन पर ट्रेन के प्रस्थान होने से छूट गया। यात्री के सामान में एक ट्रॉली, दो बैग, एक हैंडबैग कुल चार नग शामिल थे, जिनमें यात्री के अनुसार शादी से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री थी जिसपर जबलपुर स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) संजय जायसवाल द्वारा घटना की सूचना मिलते ही कटनी मुड़वारा स्टेशन को सभी आवश्यक जानकारी दिए जाने के बाद कटनी मुड़वारा में स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) के. के. दुबे एवं आरपीएफ हवलदार कमलेश तिवारी, तथा ऑन-ड्यूटी ट्रेन टिकट चेकिंग स्टाफ की उपस्थिति में कोच स-1 से सभी चारों बैग पूरी सावधानी के साथ सुरक्षित रूप से उतार लिए गए। रविकांत, जो जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी से यात्रा कर रहे थे, उनके कटनी मुड़वारा स्टेशन पहुंचने पर स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) कटनी मुड़वारा एवं आरपीएफ हवलदार कमलेश तिवारी की मौजूदगी में प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर पूरा सामान सुरक्षित स्थिति में उन्हें सुपुर्द कर दिया गया।

कॉम्बिंग : 303 वारंटी पकड़ाए

जबलपुर। पुलिस ने शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में कॉम्बिंग गश्त कर कई वर्षों से फरार 124 गैर म्यादी वारिटयों एवं 89 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए 90 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिंग गश्त पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए बीती रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों, उप पुलिस अधीक्षक, एस.डी.ओ.पी. के मार्ग निर्देशन में कराई गई। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

मतदाताओं के फार्म शत प्रतिशत जमा हो : पटेल

जिलाध्यक्ष ने ली शक्ति केन्द्रों की बैठक

सिहोरा। एसआईआर को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने सिहोरा विधानसभा के मंझगवा मंडल के 9 शक्ति केन्द्रों की बैठक ली तथा चल रहे कार्य की समीक्षा की बैठक में विधायक संतोष बरकडे,एसआईआर अभियान के जिला प्रभारी एंव उपाध्यक्ष अनुपम सराफ,महामंत्री राजेश दाहिया,मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता भी उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष पटेल ने इस कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि उक्त महत्वपूर्ण कार्य को आप सभी अति गम्भीरता से ले एवं अपने अपने वार्ड में घर घर जा कर एसआईआर के फार्म भरवाये,जिन परिवारों में नई बहू आई है उनकी जानकारी 2003 की मतदाता सूची से प्राप्त करे और उनका भी पत्रक भरे । तथा अभी तक के कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली उन्होंने बूथ अध्यक्षों,बीएलए-2 की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी पात्र एवं वास्तविक मतदाताओं के फॉर्म निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत जमा हों, यह संगठन की प्राथमिकता है, जिसे सभी कार्यकर्ता सुनिश्चित करें।

इसके अलावा फनवानी,कुम्ही, खिरहनी, खितौला खम्परिया आदि के शक्ति केन्द्रों में भी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी,शक्ति केन्द्र प्रभारी एंव कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बघोंडा में शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

नवभारत,बेलखाडू (जबलपुर) । समीपी पनागर रोड पर ग्राम बघोंडा गत दिवस श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह आयोजन के लिए एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभां यात्रा ने भ्रमण करते हुए ग्राम के खेरमाई,हनुमान जी सहित सभी मंदिरों में पूजन अर्चन किया । इस अवसर पर रमा उपाध्याय, प्रदीप उपाध्याय, प्रीती उपाध्याय सहित ग्राम के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

छेदी लाल पटेल का निधन

बेलखाडू। ग्राम झगरा के प्रतिष्ठित नागरिक छेदी लाल पटेल (ताला वाले) उम्र 75 वर्ष का निधन हो गया । आप ओंकार पटेल (रामटहल) के पिता एवं घनश्याम पटेल के बड़े पिता थे। अंतिम संस्कार ग्राम झगरा में दोपहर 2 बजे संपन्न हुआ। उनके निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)

दूरभाष 07642-252443 ई-मेल eephedmal@mp.nic.in फेक्स - 07642-253622

निविदा क्रं. 95/2025-26/ नि.शाखा/लो.स्वा.यॉ./ 2025 मण्डला, दिनॉक :- 19/11/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते है। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 01/12/2025 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 03/12/2025 दोपहर 12.00 बजे के पश्चात् है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

Name of Work:- Carrying out the resistivity survey by VES method using Schlumberger configuration for locating the proper spot with three soundings for drilling of tube well within the selected Habitation, including photography, interpretation of resistivity data and submission of report in the desired format along with resistivity readings, necessary graph and photographs in Different Block of District Mandla.

S.N.	NIT No.	Tender ID No.	Name of Block	No of Survey	Tender Amount	EMD	Tender Document Fee	Time
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	95/ 25-26	2025_PHED_463623_1	Mandla	200 Nos	3.54	7100	2000.00	02 Months

नोट :- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर कय किया जा सकता है।

कार्यालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
मण्डला (म.प्र.)

जी.- 21872/25 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान

समावेशी, सुगम, विश्वसनीय एवं नैतिक मतदान
Inclusive, Accessible, Credible & Ethical Elections

गणना पत्रक की प्रविष्टियां भरने के लिए ध्यान देने योग्य बिंदु

- गणना पत्रक में प्रथमत: पिता, माता, पति/पत्नी संबंधित जानकारी अंकित करें।
- पिछले SIR की मतदाता सूची में मतदाता (स्वयं का) या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का विवरण बताए गए स्थान पर अंकित करें।
- सर्च के लिए निम्न व्यवस्थाएं : पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में स्वयं अथवा पिता/माता/दादा/दादी का विवरण प्राप्त करने हेतु :-
  - बीएलओ से प्राप्त गणना पत्रक पर दिए गए नाम एवं फोन नंबर पर अथवा जिला प्रशासन द्वारा स्थापित अपने नजदीकी हेल्प-डेस्क पर सम्पर्क कर सकते हैं।
  - अन्य राज्यों के पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://voters.eci.gov.in पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
  - मध्यप्रदेश राज्य की पूर्व SIR से संबंधित मतदाता सूची https://ceoelection.mp.gov.in/ पर सर्च के लिए उपलब्ध है।
  - क्यू आर कोड पर स्कैन कर भी मतदाता अपना विवरण सर्च कर सकते हैं।

ध्यान रहे : 04 दिसम्बर 2025 गणना पत्रक जमा करने की अंतिम तिथि है

- गणना पत्रक भरने हेतु किसी भी बीएलओ/अधिकारी द्वारा ओटीपी की मांग नहीं की जाती है।
- यदि पूर्व SIR में स्वयं या रिश्तेदार (पिता/माता/दादा/दादी) का नाम उपलब्ध नहीं है तो भी मतदाता का गणना पत्रक प्राप्त किया जाएगा तथा इनका नाम प्रारुप मतदाता सूची में शामिल होगा। गणना पत्रकों की जांच प्रारुप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात शुरु होगी।

शुद्ध मतदाता सूची, सशक्त लोकतंत्र

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

भारत निर्वाचन आयोग
प्रारुप गणना पत्रक

Name and Contact No. of BLO

निर्वाचक का नाम : ईपीआईसी (इपिक) : पता : विवरण पहले से भरा होगा।	क्रम संख्या : भाग संख्या एवं नाम : विधानसभा/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नाम : राज्य का नाम :	विवरण पहले से भरा होगा।	इस स्थान पर वर्तमान मतदाता सूची में उपलब्ध मतदाता की फोटो प्रिंट रहेगी।	नवीन फोटो चिपकाएं

जन्मतिथि (दिन/माह/वर्ष)	यहां मतदाता की जन्म तारीख भरें (दिन/माह/वर्ष)
आधार संख्या (वैकल्पिक)	यहां मतदाता की आधार संख्या भरें (वैकल्पिक)
मोबाइल नंबर	यहां मतदाता का मोबाइल नंबर भरें
पिता/अभिभावक का नाम	यहां मतदाता के पिता का नाम भरें
पिता/अभिभावक का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो)	यहां मतदाता के पिता का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो)
मां का नाम	यहां मतदाता की माता का नाम भरें
माता का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो)	यहां मतदाता की माता का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो)
पति या पत्नी का नाम (यदि लागू हो)	यहां मतदाता के पति या पत्नी का नाम भरें (यदि लागू हो)
पति या पत्नी का इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो)	यहां मतदाता के पति या पत्नी का इपिक नंबर भरें (यदि उपलब्ध हो)
पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण	**पिछले कॉलम में दिए गए रिश्तेदार का विवरण, पिछले एसआईआर के अनुसार**
निर्वाचक का नाम :	नाम :
इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) : यदि आपका नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसका विवरण भरें।	इपिक नम्बर (यदि उपलब्ध हो) : यदि आपका नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो अपने पिता/माता/दादा/दादी का पूर्व एसआईआर में दर्ज विवरण भरें।
रिश्तेदार का नाम :	रिश्तेदार का नाम :
रिश्ता :	रिश्ता :
जिला :	जिला :
राज्य का नाम :	राज्य का नाम :
विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम :	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम :
विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या : / भाग संख्या / क्रम संख्या	विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या : / भाग संख्या / क्रम संख्या

(i) उपर्युक्त निर्वाचक ने, स्वयं मैंने/मेरे परिवार के सदस्य होने के नाते किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है।

(ii) मैं मतदाता सूची में शामिल होने के लिए आवेदन कर रहा हूं और ऊपर उल्लिखित नाम, मेरा/मेरे परिवार के सदस्य का होने के नाते, किसी अन्य विधान सभा क्षेत्र/संसदीय क्षेत्र में शामिल नहीं है।

(iii) मुझे ज्ञान है कि इस आवेदन के संबंध में उपरोक्त कथन या घोषणा करना, जो मिथ्या है और जिसके मिथ्या होने का मुझे ज्ञान या विश्वास है या जिसके सत्य होने का मैं विश्वास नहीं करता/करती हूं, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 (1950 का 43) की धारा 31 के अधीन कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों, दण्डनीय अपराध होगा।

मतदाता या किसी अन्य वयस्क पारिवारिक सदस्य के हस्ताक्षर/बांये अंगूठे का निशान (रिश्ते का उल्लेख करें) तिथि सहित

बीएलओ की घोषणा : मैंने उपरोक्त विवरण को पिछले एसआईआर मतदाता सूची से सत्यापित कर लिया है।

बीएलओ के हस्ताक्षर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11147/25 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025